तापमान

अधिकतम 45 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 29 जून 2026



12 आश्रम का विस्तार होने से जरूरतमंदों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं





12 प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 लोगों को आपस में ...




## खबर संक्षेप

### चोरी की वारदात का खुलासा, दो आरोपी काबू

**पिहोवा।** अपराध अन्वेषण शाखा-1 ने चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई को पीएसआई राहुल, पीएसआई नरेंद्र, एएसआई रणदीप, एएसआई कुलदीप, एएसआई परवेश, एएसआई जयपाल, मुख्य सिपाही दिनेश, सिपाही विनीत एवं सिपाही अमित की टीम ने अंजाम दिया। 25 जून 2026 को थाना शहर पिहोवा में सुंदर सिंह निवासी गांव तलहेड़ी की शिकायत पर तूर कॉलोनी स्थित निमार्णाधीन मकान में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात चोर मकान का दरवाजा तोड़कर डीवीआर, वाई-फाई, दो एलसीडी, कपड़े, बर्तन, पंखे, लगभग 45 हजार रुपये नकद तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए थे।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे छह लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव भभोली निवासी सिद्धार्थ वेद व आशीष से छह लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप लुकस राय नामक व्यक्ति पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ वेद ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका दोस्त गांव का ही आशीष रोजगार के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उनकी मुलाकात लुकस राय के साथ हुई।

### बच्ची से गलत हरकत करने वाला काबू

**अंबाला।** अंबाला शहर के सदर थाना एरिया में 7 साल की बच्ची से करीब 35 वर्षीय तलाकशुदा ने गलत हरकत की। बच्ची को खाने-पीने की चीज का लालच देकर आरोपी ने 20 रुपए दिए। इसके बाद बच्ची से गलत हरकत की। बच्ची ने रोते हुए घर जाकर सारी बात अपनी मां को बताई, जिससे परिजनों ने सदर पुलिस को पूरे मामले से अवगत करवाया। सदर पुलिस ने इस मामले में आरोपी गुरतेज सिंह को गिरफ्तार किया है। एसएचओ सदर शंभू लाल ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

### 35 ग्राम हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुल 35 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ दो नशा तस्करों को रंगे हाथ काबू किया है। पहली कार्रवाई में सीआईए वन ने सूचना के आधार पर थाना बलदेव नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजदीक सद्दोपुर से आरोपी दीपक निवासी बंधु नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद किया गया।

# केंद्रीय मंत्री करनाल में प्रदर्शनकारियों से मिले और पानीपत में बांटी साइकिलें

## खट्टर बोले-हरियाणा में कोई गरीब नहीं; नौकरी से हटाई कर्मियों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तथा करनाल से सांसद मनोहर लाल ने रविवार को दिल्ली जाते समय बस्ताडा टोल प्लाजा पर रुककर नई टोल व्यवस्था का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय वाहन चालकों की सुविधा के लिए करीब 2000 रुपये का सालाना पास लागू करने पर काम कर रही है। यह पास बनने के बाद स्थानीय वाहन चालक पूरे वर्ष बिना अतिरिक्त शुल्क के असीमित बार टोल पार कर सकेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की अन्य मांगों और एमएलएफएफ प्रणाली से प्रभावित



कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनीं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि एमएलएफएफ (मल्टी लेन फ्री फ्लो) प्रणाली लागू होने के बाद पहले की स्थानीय छूट समाप्त हो गई है, जिससे रोजाना टोल पार करने वाले लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मनोहर लाल ने भरोसा दिलाया कि सरकार स्थानीय लोगों की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान नई स्वचालित टोल प्रणाली लागू होने के बाद नौकरी से हटाई गई महिला कर्मचारियों ने भी केंद्रीय मंत्री से रोजगार की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से बातचीत कर उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक अवसर तलाशने का प्रयास किया जाएगा। टोल मैनेजर प्रदीप मलिक ने बताया कि प्रस्तावित वार्षिक पास योजना लागू होने के बाद स्थानीय वाहन चालकों को बार-बार टोल शुल्क नहीं देना पड़ेगा और उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## तीन नए स्किल सेंटरों का उद्घाटन, बोले- बेटियों की शिक्षा में नहीं चाहिए बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक स्वार्थ नहीं, बल्कि सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद सेवा की राजनीति का संदेश दिया, जिसे सभी जनप्रतिनिधि आगे बढ़ा रहे हैं। वह रविवार को गांव नौल्था स्थित डेरा समाधि बाबा द्वारकानाथ में अंत्योदय फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 274 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे।मनोहर लाल ने बताया कि पानीपत जिले में अब तक 500 छात्राओं को



**पानीपत।** के गांव नौल्था में बेटियों को साइकिलें भेंट करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

साइकिलें दी जा चुकी हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में स्थापित अंत्योदय फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और हर परिवार को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने पारदर्शी शासन, बिना खर्ची-पर्ची रोजगार और शिक्षा के विस्तार का भी उल्लेख किया। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने क्षेत्र में 40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के शुरू होने की जानकारी दी, जबकि राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने फाउंडेशन के कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना की।

# नेताजी एक्सप्रेस से मिला लावारिस बच्चा

## सीट पर छोड़ा 6 माह का मासूम पास में मिला कपड़ों का बैग और टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में कोई व्यक्ति करीब 6 माह के मासूम बच्चे को लावारिस हालत में सीट पर ही छोड़कर फरार हो गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों की जब इस अकेले रोते हुए बच्चे पर नजर पड़ी, तो हड़कंप मच गया। यात्रियों ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पानीपत राजकीय रेलवे पुलिस की टीम डिब्बे में पहुंची और बच्चे को कब्जे में लेकर तुरंत जांच के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को मौके से बच्चे के कपड़ों का एक बैग और एक रेल टिकट भी बरामद हुआ है।

### यात्रियों ने दी सूचना

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना की तरह दिल्ली से चलकर पानीपत के रास्ते चंडीगढ़ की तरफ जा रही थी। ट्रेन जब पानीपत स्टेशन के नजदीक पहुंचने वाली थी, तभी स्लीपर कोच के यात्रियों ने देखा कि एक सीट पर करीब 6 माह का एक मासूम बच्चा अकेला लेटा हुआ है और रो रहा है। काफी देर तक जब बच्चे के पास कोई नहीं आया, तो यात्रियों ने आसपास की सवारियों से पूछताछ की। जब कोई सुराग नहीं मिला, तो यात्रियों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी जीआरपी को दी।



**पानीपत।** सिविल अस्पताल में बच्चे को बोतल दूध पिलाती महिला पुलिसकर्मी।

### कपड़ों का बैग और टिकट बरामद, अस्पताल में कराया भर्ती

ट्रेन जैसे ही पानीपत रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी, जीआरपी थाना पुलिस की टीम तुरंत स्लीपर डिब्बे के अंदर दाखिल हुई। पुलिस ने मासूम बच्चे को सुरक्षित अपनी गोद में लिया। जांच के दौरान सीट पर बच्चे के पास से एक बैग भी मिला, जो छोटे बच्चों के कपड़ों और दूध आदि के सामान से भरा हुआ था। इसके साथ ही पुलिस को वहीं से एक यात्रा टिकट भी बरामद हुआ है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि बच्चा छोड़ने वाला शख्स किस स्टेशन से सवार हुआ था। जीआरपी ने बच्चे को सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की विशेष टीम बच्चे के स्वास्थ्य की गहनता से जांच कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ और सुरक्षित है।

# धीन में तालाब की पटरी तोड़ने पहुंची जेसीबी ग्रामीणों ने रोका, एनएचएआई के खिलाफ नारेबाजी

- ग्रामीण बोले बरसाती पानी की निकासी के लिए पटरी का किया जा रहा है निर्माण, बिना नोटिस दिए कार्रवाई पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**मुलाना।** पटरी को तोड़ती जेसीबी व नारेबाजी करते ग्रामीण।

गांव धीन में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक जेसीबी मशीन ने गांव के तालाब पर पंचायत द्वारा मानसून के दौरान बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई जा रही पटरी को तोड़ना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा काम रुकवा दिया। ग्रामीणों ने जब जेसीबी चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे एनएचएआई की ओर से भेजा गया है। ग्रामीणों और पंचायत का आरोप है कि विभाग ने कार्रवाई से पहले पंचायत को कोई सूचना नहीं दी। उनका कहना है कि संबंधित भूमि ग्राम पंचायत की है, इसलिए एनएचएआई द्वारा तालाब की पटरी तोड़ने का कोई औचित्य नहीं बनता। मौके पर पंचायत और ग्रामीणों ने एनएचएआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे बाद एनएचएआई के असिस्टेंट हाईवे इंजीनियर वरुण कुमार मौके पर पहुंचे। पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें भूमि और निर्माण कार्य से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए। अधिकारियों ने मामले की जांच के लिए सोमवार तक का समय मांगा।

इस दौरान पंचायत और ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि तालाब की सफाई और पटरी निर्माण का कार्य जारी रहेगा। उनका कहना है कि यदि भूमि पंचायत की है तो कार्य रोकने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

### बचाव के लिए कराया जा रहा कार्य

धीन सरपंच सतविंद्र सिंह , पंच राजपाल,कमलजीत सिंह, जसबीर कौर, संजीव कुमार, राजकुमार, लक्ष्मी देवी, रेणु बाला, सतविंद्र कौर, करम चंद,बलविंद्र ,सुमन लता, प्रिंस सैनीं , अनिल सैनी, ,सुखविंदर कौर, सरोज बाला, मनजीत कौर, तरसेम,राजू व अन्य ने बताया कि करीब एक साल से उन्हें ऑनलाइन शिकायतें मिल रही कि तालाब का पानी बरसाती मौसम में ओवरफ्लो होकर सर्विस लेन पर आता है। इसका हल किया जाए। जिसके चलते बरसाती मौसम में गांव और सर्विस लेन को पानी से बचाने के लिए पानी निकासी के कार्य किए जा रहे है।

### फर्जी विवाह पत्र बनवा महिला को दर्शाया अपनी पत्नी

**यमुनानगर।** फर्कपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने फर्जी विवाह पत्र तैयार करवा एक महिला को अपनी पत्नी के रूप में दर्शाया है। महिला का आरोप है कि इसके साथ ही आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में भी उसका नाम अपनी पत्नी के रूप में अंकित किया है। जबकि महिला का आरोपी के साथ कोई संबंध नहीं है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फर्कपुर थाना क्षेत्र की मायापुरी कॉलोनी बैंक कॉलोनी निवास रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तेग बहादुर नगर निवासी अशोक कुमार के साथ जान पहचान थी। आरोप है कि आरोपी अशोक कुमार ने षड्यंत्र रचकर एक फर्जी विवाह पत्र तैयार करवाया। जिसमें आरोपी ने उसे अपनी पत्नी के रूप में दर्शाया है। इसके साथ ही आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेजों में भी उसे अपनी पत्नी के रूप में अंकित करवाया है। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपी से बात की मगर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# राहुल गांधी का सचिव बनकर कांग्रेस नेता से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले के एक गांव निवासी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य से पार्टी कार्यक्रम के नाम पर 10 लाख रुपए लेने के मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, खुद को लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सचिव बताकर कनिष्क सिंह नामक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया था। आरोपी ने पार्टी के कार्यक्रम का हवाला देकर रुपए मंगवाए थे। उसने झूठ बोलकर उसने पैसे मंगवाए थे। आरोपी ने दावा किया था कि इस कार्यक्रम में पार्टी हाईकमान के लोग आएंगे। कार्यक्रम में आने वाले शीर्ष नेतृत्व के नेताओं के होटल में ठहरने और अन्य व्यवस्था का जिम्मा उन पर लगाया गया था। नाम न छापने की शर्त पर कुरुक्षेत्र के रहने वाले कांग्रेस नेता, पीसीसी सदस्य ने शिकायत में बताया कि वह कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। इसी साल 24 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को राहुल गांधी का सचिव कनिष्क सिंह बताते हुए कहा, कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम चंडीगढ़ में होना है।

### बड़े नेताओं से मुलाकात का किया वायदा

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के ठहरने और अन्य व्यवस्थाओं की बात कही गई। पहले कुछ होटलों में व्यवस्था करने को कहा गया, लेकिन बाद में फोन कर बताया गया कि होटल की व्यवस्था पार्टी खुद कर लेगी। इसके बाद उनके साथ-साथ संगठन सचिव से 10 लाख रुपए लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर-35 स्थित जेडब्ल्यू मैरियट होटल में बुलाया। साथ ही कहा कि यहां दीपक नाम का व्यक्ति मिलेगा, जिसे रुपए देने हैं। यह भी कहा गया कि कार्यक्रम के बाद में उनकी मुलाकात बड़े नेताओं से भी कराई जाएगी। किसी फ्रॉड से बचने के लिए उसने कॉल करने वाले की पहचान ट्रूकॉलर और गूगल पर भी जांची, जहां नाम कनिष्क सिंह ही दिखाई दिया। साथ ही कार्यक्रम की जानकारी भी चंडीगढ़ में होने की बात पता चली। इसी भरोसे में उसने और संगठन सचिव ने 5-5 लाख रुपए का इंतजाम किया। रात करीब 11 बजे दोबारा फोन आया और होटल पहुंचने को कहा गया। यहां होटल की पार्किंग में एक युवक मिला, जिसने खुद को दीपक बताया। उसने पहले फोन पर कनिष्क सिंह से बात करवाई और उसके बाद 10 लाख रुपए ले लिए।

### पुलिस कर रही जांच

उसने पुलिस को बताया कि शुरूआत में उन्होंने संकोच के कारण शिकायत नहीं दी। बाद में व्हाट्सएप पर इसी तरह के मामलों की जानकारी और उत्तराखंड पुलिस की कार्रवाई से जुड़ी खबर मिलने के बाद उन्होंने एसपी को शिकायत दी। अब थाना शहर थानेसर में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

# युवक की मौत, संदिग्ध परिस्थिति में की गई हत्या, चार पकड़े

**बराड़ा।** बराड़ा में आज एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या हो गई। प्रथम दर्शट्या में इस मौत की वजह नशे की ओवरडोज़ मानी गई। मगर पुलिस द्वारा बारीकी से जाँच करने पर इसे दोस्तों के द्वारा की गई संदिग्ध हत्या का मामला बताया जा रहा है।बराड़ा की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले मृतक राहुल उर्फ लोट्टा



की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुचना मिलने पता उसके परिजन घटनास्थल पर पंहुचे। पहले जहां युवक की मौत नशे की ओवरडोज से मानी जा रही थी मगर बारीकी से देखने पर उनका शक यकीन में बदल गया। मृतक के शरीर ओर कई जगह चोट के निशान पाए गए। मृतक के आंखों पर गहरी चोट और कानो से खून बहुत रहा था। घटनास्थल से उतरने वाली सीडिओं पर कई जगह खून के धंब्बे पाए गए। बराड़ा थाना प्रभारी रामकरण ने मौके पर जाकर छानबीन की। इस मामले में पुलिस ने 3 युवकों को अपनी हिरासत में लिया जबकि कई आरोपी फ़रार हो गए। वहीं इस बारे पुष्ट सूचना मिली है की सखताई से पूछताछ करने पर हिरासत में लिए गए आरोपियों द्वारा कुछ सच्चाई उगल दी गई हैं। मगर मुख्य आरोपी फिलहाल फरार हो गए हैं। वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज किया जाने वाला हैं। थाना प्रभारी बराड़ा रामकरण सैनी पुलिस अभी मामले की जाँच में जुटी हैं। कई मुख्य आरोपी अभी फरार हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का खुलासा होगा।

# एचसीएस की परीक्षा में लगाई गई नाजायज व नई शर्त हटाई जाए

**कुरुक्षेत्र।** एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान सुभाषचंद्र ने कहा कि हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा लेने के बाद नाजायज शर्त लगाकर बहुत सारे बच्चों को इंटरव्यू से वंचित करके नौजवानों के हितों पर कुठारघात किया है। जबकि प्रदेश में जितने पद खाली हैं उनमें से अगर इन बच्चों को मौका दिया जाता तो बहुत से बच्चे सेलेक्ट हो सकते थे। यह बच्चे पीएचडी, नैट पास किए हुए हैं। सरकार भर्ती करने का दिखावा अधिक कर रही है, वास्तव में भर्ती करना नहीं चाहती है। दलित और पिछड़ों के हिमायत में ढिंढोरा पीटने वाले आज उन बच्चों को भी इस इंटरव्यू में मौका नहीं दे रहे हैं। यह बच्चे कई दिन से पंचकूला में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। सरकार शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने के लिए आधी रात के समय इनको गिरफ्तार किया गया, इनके टेंट उखाड़ दिए गए। यह सरकार का एकदम से तानाशाही पूर्ण तरीका है।

## जॉब सिक्योरिटी की मांग उठी, कर्मचारियों ने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया

# गैर-शिक्षक कर्मियों का राज्य अधिवेशन, नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शांतिकुंज भवन, कुरुक्षेत्र में गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता वेद प्रकाश ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन में कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी (नौकरी की सुरक्षा) को प्रमुख मांग के रूप में उठाया गया और सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की गई। अधिवेशन के दौरान राज्य स्तरीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नई कार्यकारिणी में मदन को अध्यक्ष, प्रमिला यादव एवं सुनील को उपाध्यक्ष, प्रदीप को महामंत्री, कुलदीप एवं मनीष को सचिव, प्रिंस को कोषाध्यक्ष, हवा सिंह मैहला को संगठन मंत्री, प्रवीन कश्यप को मीडिया सचिव, रणबीर को सलाहकार तथा सतीश शर्मा, श्याम सुंदर, वीरेंद्र, जगदीश, संजीव, वेद प्रकाश और गौरव को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। मीडिया सचिव प्रवीन कश्यप ने बताया कि अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री हवा सिंह मैहला तथा क्षेत्रीय मंत्री सोहन लाल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कर्मचारियों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।



**कुरुक्षेत्र।** गैर-शिक्षक कर्मचारियों की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी।

### कुरुक्षेत्र विवि गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन के प्रधान बने प्रवीन कश्यप

अधिवेशन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारियों की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें प्रवीन कश्यप को अध्यक्ष, विजय और नवीन को कोषाध्यक्ष, संजय एवं गुरदास को महामंत्री, रमन, राजेंद्र, रोशन और संजीव को उपाध्यक्ष तथा पवन और नीतेश को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### एकजुट होकर कार्य करने का लिया संकल्प

वक्ताओं ने कहा कि गैर-शिक्षक कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की कार्यप्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में उनकी सेवा सुरक्षा, समय पर पदोन्नति, वेतन संबंधी समस्याओं का समाधान तथा अन्य लंबित मांगों का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। अधिवेशन का समापन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# नया बाजार में रैंप तोड़ने पहुंची नपा टीम का विरोध, बिना कार्रवाई लौटना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के नया बाजार में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए रविवार को नगर पालिका की टीम दुकानों के आगे बने रैंप व थड़े हटाने के लिए जेसीबी मशीन लेकर पहुंची। टीम ने कुछ दुकानों के आगे बने रैंप और थड़े तोड़ने शुरू किए ही थे कि दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया । जिसके चलते नगरपालिका की टीम को कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी और टीम को वापस लौटना पड़ा।

दुकानदार रवि, दीपक, जयकुमार, समय सिंह, अरुण, कमल, जसविंदर और बाबूराम का कहना है कि उन्हें रैंप और थड़े हटाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन नगर पालिका द्वारा कार्रवाई भेदभावपूर्ण तरीके से की जा रही है। उनका





**इंद्री।** इंद्री के नया बाजार मे रैंप तोड़ती जेसीबी मशीन ।

आरोप था कि कुछ प्रभावशाली दुकानदारों के रैंप और थड़े नहीं तोड़े जा रहे, जबकि कुछ दुकानदारों के रैंप और थड़े तोडे जा रहें है। जो की बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा । दुकानदारों ने आरोप लगाया कि यदि नगर पालिका को अतिक्रमण हटाना है तो सभी दुकानों के आगे बने रैंप और थड़े बिना किसी भेदभाव के हटाए जाएं। दुकानदारों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि नगर पालिका द्वारा रैंप और थड़े तोड़ने की कार्रवाई करनी है तो सभी दुकानों के रैंप और थड़े तोड़े जाने चाहिए । विरोध बढ़ने पर नगर पालिका की टीम को जेसीबी मशीन सहित मौके से लौटना पड़ा।

वही इस मामले में नगर पालिका के अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है । नपा सचिव धर्मवीर से जब इस मामले में बात करने की कोशिश की गई तो बार-बार फोन करने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## खबर संक्षेप

### 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार सुबह विकास कॉलोनी स्थित पार्क में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लगभग 100 लोगों ने सहभागिता करते हुए 100 पौधे लगाए। फलदार एवं छायादार पौधों को प्राथमिकता दी गई ताकि भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को भी लाभ मिल सके। प्रत्येक पौधे की देखभाल के लिए जलकुंड भी तैयार किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं, वंचित वर्ग और किन्नर समाज की विशेष भागीदारी रही। गुरु सुनीता, पूजा किन्नर एवं उनके साथियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अभियान में किन्नर समाज सहित विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी

## 1.73 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 750 बूथ व 1500 टीमें तैनात

# हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की दो बूंद तभी सुरक्षित रहेगा भविष्य : विधायक

- रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी पोलियो बूथ स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। सेवा समिति में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाते विधायक जगमोहन आनंद। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सेवा समिति में स्थापित बूथ से अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेणु बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान जिले के 1 लाख 73 हजार 308 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिलेभर में लगभग 750 बूथ, 1500 टीमें तथा 146 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 73 मोबाइल टीमें भी गठित की गई हैं, जिनमें 16 ट्रांजिट टीमें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में वर्ष 2010 के बाद पोलियो का कोई मामला सामने नहीं आया है और वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया गया था। बावजूद इसके पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के मामले मिलने के कारण सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाया जाता है।

डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि ईंट-भट्ठों, डेरे, फैक्ट्रियों, चावल मिलों, मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उप-सिविल सर्जन डॉ. शशि गर्ग ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, ताकि बाहर से आने वाले छोटे बच्चों को भी पोलियो की दवा दी जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, रोटरी मिड टाउन करनाल के पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे।

### हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की दो बूंदें, तभी सफल होगा अभियान : रेणु बाला गुप्ता



करनाल। सेवा समिति आश्रम में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**करनाल।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सेवा समिति आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। महापौर ने कहा कि पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलानी चाहिए। यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और अन्य कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि वे सेवा भावना के साथ घर-घर पहुंचकर बच्चों को जीवनरक्षक खुराक उपलब्ध करा रहे हैं। समाज को भी इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने में सहयोग देना चाहिए। महापौर ने लोगों से अपने आसपास के परिवारों को भी जागरूक करने की अपील की ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, आशा कार्यकर्ता, स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहे।



इंद्री। उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री से पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलाते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने बच्चों को ड्रॉप्स पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान शुरू

**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नवजात एवं 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को स्वयं अपने हाथों से पोलियो ड्रॉप्स पिलाईं। इस अवसर पर विधायक ने पोलियो अभियान से जुड़े सभी स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिससे सुरक्षा ही इसका एकमात्र उपाय है। पोलियो उन्मूलन एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है और यह जन-भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

### सघन पोलियो टीकाकरण अभियान का उद्घाटन



**तरावड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी में सघन पोलियो टीकाकरण अभियान के दौरान डॉ कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के देखरेख में वीरेंदर बंसल अध्यक्ष नगर पालिका तरावड़ी के कर कमलों द्वारा सघन पोलियो टीकाकरण अभियान का उद्घाटन किया गया। इस दौरान वीरेंदर बंसल द्वारा 5 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी के अंतर्गत आने वाले 0 से 5 वर्ष के कुल 3762 बच्चों को यह खुराक पिलाई जानी है। सभी गाँव में पोलियो बूथ बने हुए है।

## तीसरी बार जिला प्रधान बने रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



जिला करनाल फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन की आमसभा रविवार को करनाल क्लब में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रामकुमार गुप्ता को लगातार तीसरी बार एसोसिएशन का जिला प्रधान चुना गया। सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा नई कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी उन्हें सौंपा।

नवनिर्वाचित प्रधान रामकुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बीते वर्ष के दौरान एसोसिएशन की गतिविधियों और आय-व्यय का ब्यौरा भी सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। रामकुमार गुप्ता ने कहा कि मार्च 2025 में प्रस्तावित काला बीज कानून अध्यादेश को एसोसिएशन के प्रयासों से स्थगित कराया गया। उन्होंने कहा कि यदि सीलबंद बीज या दवा का सैंपल मानकों पर खरा नहीं उतरता तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित कंपनी की होनी चाहिए, न कि खुदरा विक्रेता की। उन्होंने खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग पर भी रोक लगाने की मांग उठाई।

पूर्व प्रधान राधेश्याम राणा ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उपप्रधान देवेंद्र चौहान ने सदस्य संख्या बढ़ाने का सुझाव रखा, जबकि निसिंग प्रधान विनोद गोयल ने कहा कि संगठन की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।



### आउटर बाइपास सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर निगमायुक्त की सख्ती

**करनाल।** शहर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने शनिवार सायं शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड (आउटर बाईपास रोड) तक निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। इस दौरान कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, सलाहकार महीपाल सिंह तथा संबंधित अभियंता मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि कनिष्ठ अभियंता प्रतिदिन निर्माण स्थल का निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 4.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 7.92 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। परियोजना के तहत सड़क के साथ पौधारोपण, लैंडस्केपिंग, फुटपाथ, जेब्रा क्रॉसिंग, कैट आई तथा रोड सेफ्टी मार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## संस्कार ही बच्चों को बनाते हैं श्रेष्ठ नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। कौशिक परिवार को शुभकामनाएं देते महापौर एवं विधायक।

भारतीय संस्कृति में सोलह संस्कारों का विशेष महत्व है और इनमें नामकरण संस्कार बच्चे के जीवन की शुभ शुरुआत माना जाता है। इसी भावना के साथ रविवार को कर्ण विहार स्थित आचार्य राजीव कौशिक के सुपुत्र के नामकरण संस्कार समारोह का आयोजन धार्मिक वातावरण में किया गया, जिसमें महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए संस्कार में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बालक को 'हरि' तथा विधायक जगमोहन आनंद ने 'रुद्रा' नाम प्रदान किया। इस प्रकार परिवार ने बालक का शुभ नाम 'हरिरुद्रा' रखा। महापौर ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही उत्तम संस्कार, नैतिक मूल्य और सेवा भावना प्रदान करना प्रत्येक परिवार का कर्तव्य है। संस्कारवान पीढ़ी ही समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि नामकरण केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवनभर अच्छे विचारों और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने वाला संस्कार है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों का समावेश भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान महापौर एवं विधायक ने कौशिक परिवार के सदस्यों और उपस्थित अतिथियों से भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।



### श्री नर्मदेश्वर महादेव का हुआ दिव्य श्रृंगार, भजनों और सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण शिवमय हो गया। मुख्य यजमान रजत चावला, ज्योति, अचल चावला, पारस मदान, प्रीति मदान एवं अत्रे परिवार की मौजूदगी में पंडित अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ भगवान शिव का पंचामृत अभिषेक और दिव्य पुष्प श्रृंगार कराया। इसके बाद शिव स्तुति, रुद्राष्टक और पंचाक्षरी मंगलम के पाठ से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में वीणा सेठ ने 'ये भोले बाबा मेरे हैं' तथा 'भोले को मिलने को मनवा तरसे' भजनों की प्रस्तुति दी। सुशील मदान ने 'मेरे बाबा जब से होश संभाला है' और संगीता बत्रा ने 'नाम राधा रानी का' भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सायंकाल श्री सुंदरकांड का सामूहिक पाठ भी किया गया। इस अवसर पर सरोज दुआ, रविंद्र बत्रा, वेद दुआ, मुरारी लाल बत्रा, संजीव, सुनैना मदान, तरसेम गुप्ता, पवन धमीजा एवं अशोक मदान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर ही बनता है सशक्त समाज : श्याम सिंह राणा

**करनाल।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। युवा पीढ़ी यदि उनके आदर्शों को अपनाए और काम, क्रोध, लोभ तथा अहंकार पर विजय प्राप्त करे तो वह भी समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वे रविवार को औंगद गांव में समस्त क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित महाराजा पृथ्वीराज चौहान जयंती एवं प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। कृषि मंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप और सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे वीरों का गौरव पूरे प्रदेश का है और उनकी जयंती सभी जिलों में व्यापक स्तर पर मनाई जानी चाहिए। श्याम सिंह राणा ने कहा कि इतिहास में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीरता अद्वितीय रही है। इससे पहले पूर्व सांसद बृज भूषण, असंध के विधायक योगेंद्र राणा और पूर्व विधायक शशि परमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू, पूर्व मंत्री संजय सिंह, राहुल राणा, ठाकुर पूरण सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



### एचपीएससी अभ्यर्थियों पर कार्रवाई को कर्मचारी संघ ने बताया लोकतंत्र पर हमला

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की ऑनलाइन बैठक रविवार को जिला प्रधान सुशील गुर्जर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के अभ्यर्थियों पर की गई प्रशासनिक कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया। बैठक में जिला सचिव सेवा राम बड़सर, राज्य पदाधिकारी राजिन्दर राणा, जिला कोषाध्यक्ष राजपाल मौला, उपप्रधान रामकुमार कश्यप, सतपाल सिंह, बिन्दर, संजीव राणा, सरोज और मीना सहित जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कहा गया कि अभ्यर्थी 29 दिसंबर 2025 से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं तथा 18 जून 2026 से पांच अभ्यर्थी आमरण अनशन पर बैठे हैं। इसके बावजूद सरकार ने समाधान निकालने के बजाय धरना स्थल खाली कराने, टेंट हटाने और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने जैसी कार्रवाई की, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को बल प्रयोग के बजाय अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से सम्मानजनक वार्ता कर उनकी मांगों का समाधान करना चाहिए। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने दमनात्मक रवैया नहीं बदला और वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा अभ्यर्थियों के समर्थन में राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।

## मैढ़ सुनार परिषद की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, चार समाजसेवी बने 'मैढ़ रत्न'



**करनाल।** मैढ़ सुनार परिषद, हरियाणा की नवनिर्वाचित राज्य कार्यकारिणी एवं जिला करनाल इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, संरक्षकों और विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में प्रदेशाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार वर्मा, प्रदेश सह सचिव हरीश तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा सहित राज्य कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने समाज के संविधान एवं नियमों के अनुरूप निष्पक्षता, पारदर्शिता, सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करने की शपथ ली। जिला करनाल इकाई के तहत जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दलेल सिंह वर्मा, जिला महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा, जिला सहसचिव नोहरिया राम वर्मा तथा जिला कोषाध्यक्ष नन्द लाल वर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान समाज के प्रति आजीवन योगदान और निःस्वार्थ सेवा के लिए रोहतास कंवर, शाम लाल वर्मा, देवी दयाल सोनी एवं हुकम चन्द वर्मा को परिषद की प्रतिष्ठित 'मैढ़ रत्न' मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।



### श्रद्धा, सेवा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ 121वां विशाल भंडारा

**करनाल।** गांव कलवेहड़ी में बाबा रामदास काली कमली वाले की पावन स्मृति में रविवार को 121वें ग्रीष्मकालीन विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में किया गया। सुबह बाबा जी की समाधि पर पंडित चेतन देव शर्मा एवं पंडित शेखर शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें वैद्य देवेंद्र बत्रा, दर्शना बत्रा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित की। हवन के बाद संत-महात्माओं का पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। गांव में निकाली गई भव्य शोभायात्रा पीर बाबा कालेखां की मजार होते हुए बाबा जी की कुटिया पहुंची, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ध्वजारोहण किया गया। बाबा रामदास विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देवेंद्रानंद (पठानकोट), स्वामी परमानंद, पंडित चेतन देव शर्मा तथा पंडित शेखर शर्मा ने भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता, सुभाष कुमार गुरेजा, यश बत्रा, गौरव बत्रा, मानव बत्रा, लक्षिता बत्रा, पूर्व कमिश्नर महेंद्र सिंह मजोका, पूर्व कमिश्नर के.एल. गोयल, पूर्व डीएसपी सुभाष बिश्नोई, ईश गुलाटी, संजय बटला, राजेश अघी, कपिल अत्रेजा, डॉ. जितेंद्र, पवन अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थी, खिलाड़ी और सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं का हुआ अभिनंदन

# 405 प्रतिभाओं का सम्मान, शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सशक्त भीम समाज (एसबीएस) करनाल की ओर से रविवार को सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल और सरकारी सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के 405 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए युवाओं से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध, संत रविदास, कबीर साहेब तथा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को जीवन में अपनाने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने पर जोर दिया।



करनाल। अंबेडकर भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

समारोह में 380 मेधावी विद्यार्थियों, 20 सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं तथा 5 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की हरियाणा टॉपर दीपिका मेघवाल, 10वीं कक्षा की हरियाणा टॉपर दीपिका तथा करनाल जिला टॉपर जान्हवी को विशेष सम्मान देकर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। उनकी सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

कार्यक्रम को डॉ. अवतार सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस), प्रिंसिपल सुरेन्द्र नागिया, असिस्टेंट प्रोफेसर परवीन कुमार, लेक्चरर सुशील कल्याण, दिलबाग सिंह, योगेश कुमार, प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र कुमार (जेएनयू), अमर सिंह पातलान तथा सुरेश बौद्ध (सेवानिवृत्त डीआरओ) ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता के बल पर ही समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसडीओ अनिल जयंत, जोगिंदर तंवर, अनिल कुमार, कुलदीप पनौरी, प्रदीप कुमार, अनूप सिंह, विशाल केरवाली, दिलप्रीत केरवाली, मनीष बरसालू, सलिंदर बरसालू, सोहन निग्धु, रवि हथलाना, जगदीश कुमार, सतीश कुमार, एडवोकेट संजय कोहंड, दीपक बस्ताड़ा, शुभम चौहान, विशाल बीजना, मयंक तथा तेजपाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार ने किया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभाओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा और प्रतिभा प्रोत्साहन के लिए ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।



### विधायक ने 30 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने लगभग 30 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। गांव दयालपुरा में 22 लाख रुपये की लागत से गांव से शमशानघाट की ओर जाने वाली सडक का उद्घाटन किया और गांव चंदनखेड़ा में आठ लाख की लागत से बनने वाले गोहर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उनके साथ मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप चौधरी एवं वाईस चेयरमैन राजीव नारंग, अनिल सिंगला, ऋषि नागपाल, भाटिया सहित गांव के सरपंच एवं भाजपा कार्यकत्रा उपस्थित रहे। विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य हर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने कहा कि गांवों में सडक, नाली, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवा रही है और प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों से सावधान रहें: पुलिस अधीक्षक

**पानीपत।** जिला पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारें जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसके मद्देनजर नागरिक साइबर ठगों से सावधान रहें।

### पुलिस कर्मचारी बी-1 परीक्षा में हुए शामिल

**पानीपत।** कांस्टेबल से हैड कांस्टेबल पर पदोन्नति के लिए पुलिस कर्मचारियों की बी-1 परीक्षा हुई। पुलिस विभाग में अनुसंधान अधिकारी बनाने के लिए विशेष प्रकार का कोर्स कराया जाता है। करनाल रेंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा का आयोजन समालखा स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन हुआ। परीक्षा में जिला पानीपत से 304, करनाल से 332 व कैथल से 208 पुलिसकर्मियों ने परीक्षा दी।

### बच्चे की दर्दनाक मौत फैक्टरी मालिक पर केस

**पानीपत।** पानीपत के सौंदापुर में फैक्टरी के बाहर खेल रहे छह वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र रघुनाथ निवासी सौंदापुर, पानीपत मूल निवासी गांव मुबारकपुर जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश के उपर लोहे से बनी एंगल गिर गई, हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। इधर, पुलिस ने सिद्धार्थ के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म किया, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने कोचिंग के बहाने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोपी युवक समेत तीन लड़कियों पर पाक्सो एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज है। पुलिस ने जहां परिजनों की शिकायत पर किशोरी के बयान दर्ज किए और उसकी सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई। वहीं पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी युवतियां नाबालिग को कोचिंग जाने के बहाने घर से ले गई। इसके बाद एक युवक के साथ गाड़ी में बैठाकर एक सुनसान फैक्ट्री एरिया ले आई और यहा आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। थानेदार सदर गुलशन रावल ने बताया कि किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी रोहित, शिवानी समेत तीन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशे से दूर रहकर खेलों में भविष्य तलाश करें युवा

**पिहोवा।** डीएवी कॉलेज में चल रहा क्रिकेट टूनार्मेंट रविवार को संपन्न हुआ। समापन पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा व कष्ट निवारण समिति की सदस्य गीता शर्मा ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देते हुए गीता शर्मा ने कहा कि खेलों में उज्वल भविष्य की अपार संभावना है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक प्रवृत्ति से दूर रहते हुए खेलों में अपना भविष्य तलाशना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा को सबसे बेहतर खेल नीति दी है।

### एसडीआईएस में कार्यशाला मुल्यांकन पर हुई चर्चा

**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में सीखने के परिणाम और शिक्षण विधियां विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या रुचि शर्मा ने किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन कल्पना लाठर व अन्नू ने लर्निंग आउटकम्स प्रभावी पेडागॉजी, गतिविधि आधारित शिक्षण, समावेशी शिक्षा और नवीन मूल्यांकन तकनीकों पर जानकारी दी।

---

#### पिछड़ा वर्ग के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया

# ओबीसी वर्ग की सच्ची हितैषी है भाजपा : डॉ अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** में पिछडा वर्ग के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में शिकरत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के स्वागत में रविवार को पानीपत स्थित रोड भवन धर्मशाला में पिछड़ा वर्ग समाज की ओर से प्रदेश स्तरीय भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान एवं भव्य स्वागत किया। वहीं, डॉ गुप्ता ने पिछड़ा वर्ग समाज के सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, उत्तर प्रदेश से मंत्री नरेंद्र कश्यप, गंगा राम स्वामी, कार्यक्रम के आयोजक रफल कश्यप आदि उपस्थित रहे। वहीं, डॉ गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। वहीं,मोदी सरकार व हरियाणा ने ओबीसी वर्ग के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इधर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा संगठन सामाजिक समरसता, राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं, यूपी के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मोदी सरकार, उत्तर प्रदेश में योग सरकार व हरियाणा में भाजपा सरकार की नीतियों की जम कर सरहाना की।

### कमेरे वर्ग साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी सरकार : पांचाल



**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला क्षेत्र के हरि नगर धर्मशाला में रविवार को पांचाल समाज द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त हरियाणा लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की धर्मपत्नी एवं वार्ड नंबर 26 की पार्षद कुसुम भट्ट, जिला परिषद वार्ड नंबर 13 की पार्षद शिखा पांचाल, नगर निगम वार्ड नंबर छह के की पार्षद कोमल पांचाल रही। जिले भर से आए पांचाल समाज के लोगों ने चेयरमैन देवेंद्र पांचाल एवं अन्य अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। हरियाणा लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने ही पांचाल समाज को सरकार में शामिल कर सम्मान दिया है। वहीं, हरपाल ढांढा ने कहा कि पांचाल समाज मेरा परिवार है जो सदैव हमारे साथ रहा है। हरि नगर धर्मशाला के प्रधान कप्तान पांचाल, शिव कुमार भीमडा, पांचाल समाज के चेयरमैन विनोद पांचाल, मनोज पांचाल, शिवम पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, सोमपाल पांचाल फोरमैन, डॉ.अशोक पांचाल आदि रहे मौजूद।

### हरियाणवी लोक संस्कृति को बढ़ावा दें युवा: डॉ नैन




**पानीपत।** के गांव भंडारी में इनेलो नेता डॉ नवीन नैन भालसी व चौ.प्रेम सिंह के साथ मेधावी बच्चें। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** के गांव भंडारी में बजरंग सेवा समिति द्वारा आयोजित "ध्रुव भक्त का जन्म" सांग कार्यक्रम में इनेलो के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट डॉ. नवीन नैन भालसी व प्रसिद्ध समाजसेवी चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप जला का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि सांग हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान है। आधुनिक दौर में जब हमारी लोक परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं, ऐसे समय में बजरंग सेवा समिति एवं समस्त संचालक मंडल द्वारा सांग जैसी समृद्ध विरासत को जीवित रखने का कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, संस्कार और इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बजरंग सेवा समिति, संचालक मंडल, कलाकारों तथा सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि समाज को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करना चाहिए।

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने थाना सुनौली क्षेत्र में घरों में चोरी व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों राहुल पुत्र मखनलाल निवासी उझा रोड साई कॉलोनी व तारिक पुत्र हारूण निवासी एकता विहार कॉलोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों से चोरी की दो वारदातों,का खुलासा हुआ। थानेदार सुभाष ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना सनौली में गांव नंगला आर निवासी आजाद पुत्र राम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड होना पाया गया है। आरोपी राहुल के खिलाफ चोरी के आठ व तारिक पर पांच केस दर्ज है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात



**पानीपत।** मोदी के मन की बात सुनते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता आदि भाजपाई।

**पानीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 135वां एपिसोड पानीपत विधानसभा के बूथ नंबर-223, हुडा सेक्टर-29, पार्ट -1 स्थित पीपी इंटरनेशनल में कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों के साथ सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार देश के विकास, समाज कल्याण और जमीनी स्तर पर हो रहे सकारात्मक बदलावों को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन बन चुका है जो देशवासियों को सेवा, समर्पण और जनभागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, कार्यक्रम के आयोजन अतुल मित्तल, नितेश मित्तल और अजय गर्ग मौजूद रहे।

#### केंद्रीय विद्यालय की स्पोर्ट्स मीट में दिखाया दम

### तैराकी में अंशुमन मलिक ने दो गोल्ड जीतकर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इसराना



पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी युवा कोच कुलदीप मलिक के पुत्र अंशुमन मलिक ने दिल्ली में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय संगठन की रीजनल स्पोर्ट्स की तैराकी इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर अपना, अपने परिवार का, गांव और पानीपत जिला का नामर रोशन किया है। वहीं, अंशुमन मलिक ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने आगामी राष्ट्रीय नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन सितंबर माह में होगा, जिसमें अंशुमन हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। वहीं, अंशुमन की इस सफलता से गांव बुआना लाखू में खुशी का माहौल है। दादा लाखू स्पोर्ट्स एंड सोशल एसोसिएशन तथा समस्त ग्रामवासियों ने अंशुमन और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### भारत की तरक्की की मजबूत रीढ़ है सूक्ष्म और लघु उद्योग : भूपेंद्र दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** आईसीएआई पानीपत चेप्टर में भाग लेते सीए और उद्यमी आदि।

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की एमएसएमई व स्टार्टअप समिति द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे "आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव 2026" के अंतर्गत आईसीएआई की पानीपत शाखा (एनआईआरसी) द्वारा सेमिनार का आयोजन शाखा के प्रधान सीए भूपेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में आईसीएआई भवन, हुडा सेक्टर-25 में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमईएस) को सशक्त बनाना तथा "विकसित भारत" के निर्माण में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में अतिथियों संजीव चावला, सहायक विकास आयुक्त, हरियाणा, विनोद खंडेलवाल, राज्य अध्यक्ष, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स, राकेश कुमार विग, प्रबंधक, सिडबी (एसआईडीबीआई), पानीपत ने मार्गदर्शन किया। इधर, पानीपत शाखा के अध्यक्ष सीए भूपिंदर दीक्षित ने सभी अतिथियों, उद्यमियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इस क्षेत्र के विकास एवं सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, सीए ईशु बंसल ने "हरियाणा की नई औद्योगिक नीतियां 2026 एवं एमएसएमई क्षेत्र की विभिन्न योजनाएं" विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। सेमिनार के दौरान एमएसएमई उद्यमियों के लिए विभिन्न हेल्पडेस्क स्थापित किए गए, जिनमें बैंक, एनएसआईसी (एनएसआईसी), डीआईसी (डीआईसी), चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा स्टार्टअप सपोर्ट टीमों द्वारा मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की गई।

### अंडर-13 क्रिकेट में मिनर्वा हाई स्कूल के अनिरुद्ध ने जीते दो खिताब



**कुरुक्षेत्र।** मिनर्वा हाई स्कूल, कुरुक्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब विद्यालय के होनहार छात्र अनिरुद्ध शर्मा (मुद्गिल) ने अंबाला में आयोजित अंडर-13 क्रिकेट टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'बेस्ट बैट्समैन' और 'मैन ऑफ द सीरीज' दोनों प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिए। कुरुक्षेत्र के निकट स्थित छोटे से गांव उदारसी के इस उभरते क्रिकेटर ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के दम पर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अनिरुद्ध की इस उपलब्धि को और भी खास बना दिया, जब उन्हें पुरस्कार कोलकाता नाइट राइडर्स (कुरुक्षेत्र) के आईपीएल खिलाड़ी वैभव अरोड़ा के हाथों प्राप्त हुआ। एक युवा खिलाड़ी के लिए यह सम्मान किसी सपने के सच होने से कम नहीं है और उसके उज्ज्वल भविष्य की ओर मजबूत कदम भी। विद्यालय प्रबंधन ने अनिरुद्ध की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लगन, समर्पण और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और अनिरुद्ध इसका जीवंत उदाहरण है। इस शानदार सफलता के पीछे कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के अनुभवी कोच दिनेश यादव का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। उनकी देखरेख में अनिरुद्ध ने अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और यह उपलब्धि हासिल की।

### मोदी के नेतृत्व में भारत समुद्र से आकाश तक आत्मनिर्भर बन रहा : प्रदेशाध्यक्ष



**पानीपत।** में एल्डिको में बच्चों को पोलिया रोधी दवाई पिलाते हुए डॉ राजवीर सिहरोहा। फोटो : हरिभूमि

- बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

जिला पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में बच्चों को पोलिया रोधी की ड्राप्स पिलाई गई। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने रविवार को राष्ट्रीय पोलियो दिवस पर पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई। इस दौरान उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि देश हमेशा के लिए पोलियो मुक्त बना रहे। उन्होंने कहा कि दो बूंद जिंदगी की केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का संकल्प है। वहीं, भारत ने वर्षों के प्रयासों से पोलियो पर विजय हासिल की है और अब यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि नियमित रूप से बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाकर इस उपलब्धि को कायम रखें।

## न्यूज डायरी

### एसआईआर ने पकड़ी रफ्तार

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चलाया जा रहा विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है। मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अभियान को तेज गति प्रदान की है। चारों विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण और सत्यापन किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा अपात्र नामों को चिन्हित कर सूची की विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### समाजवादी देश क्यूबा के समर्थन में गोष्ठी

**पानीपत।** माकपा के जिला कार्यालय शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी साथी कामरेड शिव वर्मा स्मारक भवन, गीता कालोनी में साम्राज्यवाद विरोध एवं समाजवादी देश क्यूबा के समर्थन में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता डॉ.सुरेंद्र मलिक ने तथा संचालन सुनील दत्त ने किया। मुख्य वक्ता माकपा राज्य सचिव का.प्रेमचंद ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद पूरी दुनिया के मेहनतकश लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। गोष्ठी को रामकुमार यादव, रोहतास तथा राजेंद्र छोकर ने भी संबोधित किया।

### आईटीआई में एडमिशन शुरू

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बापौली में सत्र 2026-27 के लिए एक वर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संस्थान में कुल 152 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध हैं। संस्थान के मुखिया संदीप खर्ब ने बताया कि युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### दादा खेड़े पर भंडार लगाया

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर में दादा खेड़े की कमेटी एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दादा खेड़े परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा दादा खेड़े में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। वहीं समाजहित में चल रहे गौसेवा अभियान के दूसरे चरण को सफल बनाने के लिए विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

### अक्षय पहलवान ने यूपी के विकास को हराया

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली में जलालपुर रोड पर इनामी दंगल का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ अंकुश रावल व मयंक रावल ने किया। वहीं दंगल में पहला इनाम अक्षय पहलवान बहरामपुर ने विकास पहलवान बदरका उत्तर प्रदेश को हराया 5100 का इनाम जीता, आकाश पहलवान बदरका और फरीद पहलवान कोहंड की कुश्ती बराबर पर रही।

### सोमनाथ धाम में हुआ भजन-कीर्तन

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल के गांव निंबरी स्थित सोमनाथ धाम आश्रम में दिल्ली वेद व्यास गुरूकुल के प्राचार्य डॉ.शेष कुमार सुधांशु महाराज का विशेष संदेश देते हुए कहा कि गुरु और शिष्य के बीच प्रेम, श्रद्धा और विश्वास का एक अटूट रिश्ता होता है। गुरु पूर्णिमा का उत्सव इसी बंधन को मजबूत करता है। वहीं, दिल्ली गुरुकुल से आए ऋषि कुमार मनीष, ललित और देवांश ने भजन सुनाए। इस अवसर पर आरएन रावल, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, गिरीश अरोड़ा, देसराज छाबड़ा, राम निवास, गणेश ठाकुर, भोला, ऋषिपाल, अक्षय मिश्रा, पीसी झा, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

---

**भरी हुंकार** — राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' अभियान को लेकर कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक

# युवाओं के भविष्य से खेल रही है मोदी सरकार, राहुल लड़ रहे छात्रों की लड़ाई

सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करते जितेंद्र बघेल।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर नौ अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले "छात्रों की गूंज" महाअभियान की तैयारियों को लेकर रविवार को कांग्रेस पानीपत ग्रामीण के कार्यालय में कांग्रेसियों की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई। वहीं, बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व एचपीसीसी के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड कर रही है। वहीं, "छात्रों की गूंज" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों और युवाओं की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर बुलंद करने का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती चुनौतियों, पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, युवाओं में बढ़ती बेरोज़गारी तथा शिक्षा और रोजगार से जुड़े गंभीर मुद्दों को देश के सामने मजबूती से उठाया है। अब इन मुद्दों को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस संगठन की है। बघेल ने कांग्रेसियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विद्यार्थियों, युवाओं, अभिभावकों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग से व्यापक संपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कांग्रेसी नेता सचिन कुंडू, स. बलजीत सिंह, दीपक खटकड़, मोनिका डूमरा, पूनम चौहान, गौरव तुषीर हरियाणा प्रभारी, छात्रों की गूंज अभियान), रजत तोमर, फोम लाल, नरेश मलिक, डॉ. धन कुमार, नरेश अत्री, नरेंद्र भीवान समेत प्रदेश भर से आए कांग्रेसियों ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### घर से 12 हजार रुपये की नकदी चोरी

**अंबाला।** अंबाला शहर के मनमोहन नगर के रहने वाले चांद राम के घर से चांदी का कंगन, पाजैब, करीब डेढ़ तोले सोने का सेट और घर से 12 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई। चांद राम ने बताया कि वह मजदूरी करता है और 22 जून की सुबह 8 बजे बेटे जीतराम के साथ पंजाब गया था और 25 जून को वापस लौटे तो घर का मुख्य गेट बंद मिला और कमरों के साथ-साथ लोहे की पेटी व संदूक के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। इसके अलावा नकदी व जेवरात चोरी थे।

### देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते मोटरसाइकिल सवार युवक को अवैध देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी की पहचान गुरदीप सिंह उर्फ हर्ष, निवासी गांव बुढ़ा खेड़ा के रूप में हुई है।जांच टीम को पुख्ता जानकारी मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ नारायणगढ़ क्षेत्र में घूम रहा है और किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए मारकंडा नदी गांव गधोली क्षेत्र के नजदीक तुरंत रणनीतिक नाकाबंदी की। नाकेबंदी के दौरान टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बाइक सवार संदिग्ध को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते चोरी की वारदात को सुलझा लिया है। पुलिस टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सारा सामान बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मनीष कुमार उर्फ मन्नी तथा गौरव वासी गणेश विहार, शिवपुरी कॉलोनी, टांगरी बांध के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि चोरों ने उनके प्लॉट में खड़े एक ट्रक से दो बड़ी बैटरियां और इनवर्टर की मोटर चोरी कर ली हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी।

### पंद्रह विद्यालयों के 250 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**बराड़ा।** नई शिक्षा नीति-2020 के आधुनिक मानकों पर आधारित दो दिवसीय शिक्षण क्षमता संवर्धन कार्यशाला का रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विकास कोहली के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज के नेतृत्व एवं उत्कृष्ट प्रबंधन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में क्षेत्र के 15 प्रतिष्ठित डीएवी विद्यालयों के 250 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें पुलिस डीएवी स्कूल, अंबाला सिटी, सोहन लाल डीएवी स्कूल, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केपीएके महाविद्यालय, डीएवी नारायणगढ़, डीएवी साढौरा, डीएवी रादौर, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल यमुनानगर, तथा मॉडल टाउन डीएवी स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे।

## भवन के प्रथम तल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# आश्रम का विस्तार होने से जरूरतमंदों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं: असीम

**अपना घर आश्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री बोले- ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने रविवार को अंबाला शहर स्थित "ज्ञान भवन" अपना घर आश्रम का दौरा कर यहां संचालित मानव सेवा कार्यों की सराहना की। आश्रम पहुंचने पर प्रबंधन समिति एवं पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर असीम गोयल ने आश्रम में रह रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों एवं अपने परिजनों से बिछड़े लोगों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के पास जाकर उनका हालचाल जाना, उन्हें गले लगाकर स्नेह व्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की। इस भावुक पल ने वहां उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। गौरतलब है कि ज्ञान भवन अपना घर आश्रम में उन लोगों को निशुल्क आश्रय, भोजन, चिकित्सा एवं देखभाल उपलब्ध करवाई जाती है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, लावारिस अवस्था में मिले हैं अथवा किसी कारणवश अपने परिवार से बिछड़ गए हैं। आश्रम प्रबंधन ऐसे लोगों के उपचार के साथ-साथ उनके परिजनों की तलाश कर उन्हें पुनः परिवार से मिलाने के लिए भी निरंतर प्रयास करता है। यह संस्था निस्वार्थ भाव से मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इस दौरान आश्रम परिसर में बनने वाले प्रथम तल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास भी किया गया। असीम गोयल ने कहा कि आश्रम का विस्तार होने से अधिक जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जो समाज के लिए अत्यंत सराहनीय पहल है।



**अंबाला।** अपना आश्रम घर में रहने वालों से मिलते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। *फोटो: हरिभूमि*

### सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणादायक

*अपने संबोधन में असीम गोयल ने कहा कि जो लोग समाज के सबसे कमजोर, असहाय एवं बेसहारा वर्ग की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं, वे वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि अपना घर आश्रम केवल एक संस्था नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए परिवार है जिन्हें परिस्थितियों ने अपनों से दूर कर दिया है। उन्होंने आश्रम संचालकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं सेवाभावी स्वयंसेवकों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका समर्पण और सेवा भावना पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपेक्षित न रहे। इस दौरान जनसेवा के लिए समर्पित नई एंबुलेंस की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर मनोहर लाल सचदेवा, नरेश अग्रवाल, एच एस गि, इंजीनियर बलबीर सिंह, श्रीमती राज गर्ग अन्य गणमान्य मौजूद रहे।*



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद युवा व बच्चे। *फोटो: हरिभूमि*

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए आलस के कीड़े का करना होगा ऑपरेशन

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय युवाओं के लिए आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए विशेष युवा शक्ति राइज शाइन और नेतृत्व विषय पर विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। चंडीगढ़ से सबके बीच पधारे मुख्य वक्ता राजयोगी भ्राता ब्रह्माकुमार अरुण भाई ने कहा हमारे अंदर आलस का न जागने का और कंफर्ट जोन का कीड़ा है। जब तक हम इस कीड़े का ऑपरेशन नहीं करते तब तक हम राइज नहीं कर सकते। राइज का सबसे पहला प्रश्न यही है कि हमें अपने आप से मिलना है। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन नहीं होगा तो कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते। अनुशासन ही सफलता की नींव है। हम अपने जीवन में जो सपना देखते हैं उसे हम अनुशासित होकर दृढ़ निश्चय रखने से ही प्राप्त कर सकते हैं। आध्यात्मिक ध्यान और सकारात्मक सोच से ही आंतरिक शक्ति मिलती है। सोचना ही सबसे पहला कदम हैं अपनी लाइफ में शाइन करने का। अपने भीतर की शक्ति को जगाओ, बदलाव का नेतृत्व करो, और एक बेहतर कल का निर्माण करो/"। भविष्य उन्हीं का है जो अपने सपनों की सुंदरता पर विश्वास करते हैं। कहा कि आप जो प्रयास, मेहनत और सकारात्मक ऊर्जा लगाते है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार आशीष कुमार ने कहा हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए ठोकर खाना बेहद आवश्यक है। ठोकर खाकर ही हम अपने जीवन में आने वाले चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। जीवन में आने वाली परिस्थितियों का सामना करके ही हम अनुभवी बनते हैं। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया की अपना समय व्यर्थ ना गंवाए, कुछ ना कुछ कार्य अवश्य करते रहे। कार्यक्रम में डॉक्टर अनमोलिका, बीजेपी युवा मोर्चा महामंत्री संदीप, कारोबारी स्वतंत्र व राकेश गुप्ता, मोटिवेशनल स्पीकर राकेश मेहता, रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन शर्मा भी मौजूद रहे।

# भामाशाह जयंती पर लगाई छबील

- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव रामपुर थंबड़ (निकट सीवन माजरा) स्थित दानवीर सेठ भामाशाह चौक पर रविवार को अग्रवाल समाज अधोया द्वारा दानवीर सेठ भामाशाह की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए जलजीरा की छबील लगाकर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा का जीवन आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने महाराणा प्रताप और भामाशाह की अमर मित्रता तथा राष्ट्रहित में उनके योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर मंडल के मीडिया प्रभारी बृजेश बंसल ने मनदीप राणा को पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ आए सभी अतिथियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहतास राणा, मनीष मित्तल मौजूद रहे।



**बराड़ा।** भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित भाजपा के जिलाध्यक्ष व अन्य।

# ज्ञान मुनि बने महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम के महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम ग्राम हरियोली नगला जट्टान में रविवार को आश्रम के ब्रह्मलीन महंत श्री जयंती दास महाराज की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं 17वें भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि महंत जयंती दास महाराज 12 जून 2026 को ब्रह्मलीन हो गए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने की। इस अवसर पर खड़दर्शन एवं उदासीन भेख के संत-महात्माओं तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान महंत जयंती दास महाराज की लिखित इच्छा एवं उदासीन परंपरा के अनुसार सर्वसम्मति से उनके शिष्य गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञान मुनि को महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम का नया महंत स्वीकार किया गया।



**बराड़ा।** महर्षि मारकंडा मंदिर उदासीन आश्रम के नए महंत ज्ञान मुनि।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश (प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम, हरिद्वार), महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास, स्वामी दामोदर सारण, कोठारी महेश मुनि, कोठारी जसविंदर सिंह, महंत गुरविंदर सिंह, कोठारी राघवेंद्र दास (हरिद्वार) सहित उदासीन साधु समाज, उदासीन भेख के संत-महात्मा एवं नगर पंचायत के गणमान्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर ब्रह्मलीन महंत जयंती दास जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# 'भगवान परशुराम धर्म की रक्षा के प्रतीक'

- भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

न्यूयॉर्क पैलेस के निकट रविवार को सर्व समाज के सहयोग से भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह राणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान परशुराम के जयघोष के बीच चौक की आधारशिला रखी गई। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, ज्ञान, अनुशासन और धर्म की रक्षा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह चौक केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास ही विकसित भारत की मजबूत नींव है। अवसर पर अपने 'नमो शक्ति रथ' अभियान का भी उल्लेख करते हुए महिलाओं में स्तन कैंसर की निशुल्क जांच एवं जागरूकता अभियान की जानकारी दी।



**बराड़ा।** भगवान परशुराम चौक का शिलान्यास करते सांसद कार्तिकेय शर्मा।

**ये रहे मौजूद**

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह राणा ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज को एकता, न्याय और संस्कार का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि यह चौक क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर विवेक शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा एवं प्रदीप गोसाई ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, जिला उपाध्यक्ष सतपाल प्रकाश बिंजलपुर, रमेश पाल नोहनी, कुलराज शर्मा, हरीश शर्मा, विवेक गुप्ता, संजय शर्मा, मोहित शर्मा मणका, अशोक शर्मा, हनी पाहवा, रिचा पाहवा सहित सर्व समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# युवाओं ने ठण्डी-मिठ्ठी लस्सी से बुझाई राहगीरों की प्यास

- सभी को गर्मी के मौसम में ऐसे सामाजिक कार्य करने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

झुलसाने वाली गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने के उद्देश्य से रविवार को गांव बरसुमाजरा में युवा एकता शक्ति संगठन के सदस्यों ने डेहर-अंबली रोड बरसुमाजरा पर ठण्डी मिठ्ठी लस्सी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।संगठन के दर्जनों सदस्यों ने लस्सी पीलाकर राहगीरों की सेवा की।

संगठन के सदस्यों ने बताया कि युवा एकता शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष जून के माह में लस्सी की छबील लगाई जाती है। सभी सामाजिक संगठनों को गर्मी के मौसम में ऐसे सामाजिक कार्य करने चाहिए।



# नप ने सफाई का टेंडर कैंसिल किया, नए टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ

**अंबाला।** नगर परिषद की सफाई व्यवस्था में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या में गड़बड़ी उजागर होने के बाद कैंट नगर परिषद ने ठेकेदार पर कार्रवाई की है। परिषद ने पुराने ठेकेदार का टेंडर रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बार शहर की सफाई व्यवस्था के लिए 15 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का ठेका दिया जाएगा। बता दें कि 19 अप्रैल को ईओ ने सफाई के काम में लगाई गई ट्रॉलियों की जांच की थी। इस दौरान परिषद के रिकॉर्ड में 25 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दर्शाई गई थीं, जबकि मौके पर केवल 13 ही मिली थीं। कई ट्रॉलियों पर नंबर तक दर्ज नहीं थे और कुछ के चालक भी अनजान पाए गए थे। जांच रिपोर्ट में सामने आया था कि करीब 34.70 लाख रुपये के भुगतान का मामला भी सवालों के घेरे में है। इसके बाद नगर परिषद ने पहले संबंधित एसआई को हटाया और अब ठेकेदार के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** मंत्री अनिल विज ने शहरवासियों के साथ सुना कार्यक्रम, पीएम की जमकर की तारीफ

# प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 करोड़ लोगों को आपस में जोड़ने का कर रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश के 140 करोड़ लोगों को आपस में जोडऩे का काम करता है। विज रविवार ो बीपीसी जैन पब्लिक स्कूल अंबाला छावनी में आयोजित 135वीं मन की बात कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम शहरवासियों के साथ सुना। विज ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम 140 करोड़ लोगों को आपस में जोडकऱ सारे देश में नए आयाम स्थापित कर रहे है। उसे यहां पर दिखाने का काम किया जाता है। इसके साथ-साथ कहां कहां पर हमारे अनसंग हीरो ने जो कार्य किए है जिसकी किसी ने कभी प्रंशसा नहीं की, उन्हें भी लोगों के सामने लाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो देश केवल दिल्ली ही होता था लेकिन मोदी ने सभी जगहों का भ्रमण करते हुए यह जानने का प्रयास किया है कि किन-किन परिस्थितियों में लोग क्या-क्या कर रहे हैं। उसके बारे में बताया जा रहा है और नवनिर्माण हो रहा है उसे बताया जा रहा है। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से नवाचार व अधंविश्वास के बारे लोगों को जागृत करने का काम किया हैं।



**अंबाला।** पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेते मंत्री अनिल विज।

**रेखांकित किया पीएम मोदी का विजन**

कैबिनेट मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि मोदी ने नालंदा विश्विद्यालय जहां पहले दुनियाभर से स्कॉलर शिक्षा लेने आते थे, हालांकि बाद में कुछ आक्रमणकारियों ने इसके महत्व को न समझते हुए इसे तहस नहस कर दिया था। मगर नालंदा विश्वविद्यालय का सारी दुनिया में अब भी नाम हैं। इसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि हमारा देश भी विदेशों की तरह चमक सकता हैं। इसके लिए हमें प्लास्टिक पर नियंत्रण करना होगा। प्लास्टिक एक ऐसी चीज है जो न तो गलती है, न सड़ती है बल्कि पानी की निकासी में समस्या उत्पन्न करती हैं। मोदी ने कार्यक्रम के माध्यम से कई चीजों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। कुछ जगहों पर संस्थाएं भी प्लास्टिक का रिसाईकिलिंग करने का काम कर रही है और उसका सद्रुपयोग कर रहीं हैं। देशवासियों से आहवान किया कि हमें देश को बचाने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना हैं।